**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**
**13.09.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे**

## मुख्य समाचार

- ब्रिक्स शिखर सम्मेलन सम्पन्न–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए ब्रिक्स देशों की सराहना की।
- ब्रिक्स नेताओं ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की–आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति अपनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।
- भाजपा ने प्रदेश में लॉटरी शुरू करने के फैसले को तुरंत वापिस लेने का किया आग्रह।
- राज्य में खेलो इंडिया की तर्ज पर खेलो हिमाचल इवेंट बड़े स्तर पर आयोजित करेगी सरकार।

- प्रदेश में मॉनसून सीजन के दौरान अब तक सामान्य से 11 फीसदी कम वर्षा दर्ज– करीब एक हजार 6 सौ करोड़ रूपए की सम्पत्ति का हुआ नुकसान।

## प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी ब्रिक्स देशों, सहयोगी देशों और उनकी टीमों की सराहना की है। भारत मंडपम में आज ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दूसरे व अंतिम दिन उन्होंने कहा कि नेताओं के महत्वपूर्ण विचारों और सुझावों ने सहयोग को व्यापक व प्रगाढ़ बनाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्रिक्स देशों का समूह समाधानों का पारिस्थितिकी तंत्र है और पिछले दो दिनों की चर्चाओं ने इस विश्वास को और मजबूत किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्रिक्स अपने तीसरे दशक में प्रवेश करने जा रहा है और दुनिया अब इस समूह से ठोस परिणामों की उम्मीद करती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सम्मेलन में स्वीकार किया गया नई दिल्ली घोषणा पत्र साझा विज़न और भविष्य के सहयोग के लिए स्पष्ट दिशा देगा।

प्रधानमंत्री ने बताया कि छोटे उद्यमों को ज्ञान, वित्त और नए बाजारों से जोड़ने के लिए ब्रिक्स–एम.एस. एम.ई. सहयोग पोर्टल स्थापित करने की पहल का प्रस्ताव रखा गया है।

## ब्रिक्स घोषणा–पत्र

ब्रिक्स नेताओं ने पिछले वर्ष पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। नई दिल्ली घोषणा–पत्र में आतंकवाद के विरुद्ध कतई बर्दाश्त न करने की नीति अपनाने की प्रतिबद्धता दोहराई गई है। घोषणा–पत्र में कहा गया है कि आतंकवाद का कोई भी रूप आपराधिक और अनुचित है। घोषणा–पत्र में पिछले वर्ष 22 अप्रैल को जम्मू–कश्मीर में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की गई है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। घोषणा–पत्र में आतंकवादियों की सीमा–पार से आवाजाही, आतंकवाद को आर्थिक मदद और आतंकवादियों को सुरक्षित ठिकाने उपलब्ध कराने के विरुद्ध कार्रवाई का आह्वान किया गया है।

## अनुराग ठाकुर

इस बीच सांसद अनुराग ठाकुर ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की है। एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता ने विविध हितों और विचारधाराओं वाले देशों को वैश्विक प्रगति के साझा एजेंडे पर एक मंच पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**राज्यपाल**

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने प्रदेश की धार्मिक परंपराओं, प्राचीन विरासत और आध्यात्मिक धरोहर के संरक्षण पर बल दिया है। उन्होंने आज कांगड़ा ज़िला के प्रसिद्ध मां ज्वालामुखी मंदिर में शीश नवाया और प्रदेश के लोगों की समृद्धि व कल्याण की कामना की। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश के पवित्र मंदिर और तीर्थ स्थल केवल आस्था व श्रद्धा के केन्द्र ही नहीं है, बल्कि हिमाचल की समृद्ध आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग भी हैं।

**बिक्रम ठाकुर**

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री बिक्रम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर पूर्व भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद करने का आरोप लगाया है। कांगड़ा में आज भाजपा मण्डल की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार चुनावी वायदे पूरा करने में भी विफल रही है। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाएं बंद होने से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष में 17 सितम्बर से शुरू होने वाले विशेष कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की गई। विधायक पवन काजल भी इस दौरान मौजूद रहे।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि सरकार देव संस्कृति के संरक्षण के साथ–साथ प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। शिमला जिले में कोटखाई उपमण्डल की सीमावर्ती पंचायत देवगढ़ में आज एक मेले के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश की विशिष्ट संस्कृति पूरे विश्व में अनूठी है और आम जनमानस इससे गहराई तक जुड़ा हुआ है। रोहित ठाकुर ने देवगढ़ में निर्माणाधीन विद्यालय के भवन के कार्य का निरीक्षण भी किया।

**भाजपा**

भाजपा ने कांग्रेस सरकार से प्रदेश में लॉटरी शुरू करने के फैसले को तुरंत वापिस लेने की मांग की है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि लॉटरी को केवल आय के साधन के रूप में प्रस्तुत करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि जल्द पैसा कमाने की उम्मीद व्यक्ति को बार–बार टिकट खरीदने के लिए प्रेरित कर सकती है और इसका आर्थिक बोझ विशेष रूप से सीमित आय वाले परिवारों पर पड़ सकता है। जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार को अपनी उर्जा प्रदेश में रोजगार सृजन और निवेश बढ़ाने पर लगानी चाहिए।

**फुटबॉल**

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि सरकार नशे की रोकथाम के लिए पूरी तरह सजग है और सभी स्तरों पर कार्य किया जा रहा है। सोलन में आज 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ियों की राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के समापन पर उन्होंने कहा कि वर्तमान में नशा समाज के समक्ष एक चुनौती बनकर उभरा है। शांडिल ने कहा कि खेल गतिविधियां युवाओं को नशे से दूर रखने और उन्हें शारीरिक विकास की ओर आकर्षित करने में अहम भूमिका निभा रही है। इस प्रतियोगिता के फाईनल मुकाबले में हमीरपुर ने सोलन को पराजित किया।

**खेल मंत्री**

युवा सेवाएं व खेल मंत्री यादवेन्द्र गोमा ने कहा है कि प्रदेश में आने वाले समय में खेलो इंडिया की तर्ज पर खेलो हिमाचल इवेंट बड़े स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। पांवटा साहिब में आज राज्य स्तरीय बास्केट बॉल प्रतियोगिता के समापन पर उन्होंने कहा कि इन खेलों के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री द्वारा 15 करोड़ रूपए की राशि जारी की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य में खेल संरचना के विकास के साथ–साथ खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए बहुआयामी प्रयास कर रही है।

## मौसम

प्रदेश में मॉनसून के दौरान इस बार सामान्य से 11 फीसदी कम वर्षा दर्ज की गई है। हालांकि पिछले वर्ष मॉनसून सीजन में सामान्य से 39 फीसदी अधिक बारिश रिकार्ड की गई थी। मौसम विभाग ने 19 सितम्बर तक भारी वर्षा की सम्भावना से इनकार किया है। इस मॉनसून सीजन में वर्षा से जुड़ी घटनाओं में अब तक 3 सौ लोगों की मृत्यु हुई है और करीब एक हजार 6 सौ 83 करोड़ रूपए की सम्पत्ति को नुकसान पहुंचा है। लोकनिर्माण विभाग को सबसे अधिक एक हजार 2 सौ 31 करोड़ रूपए का नुकसान हुआ है। इस बीच प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज भी वर्षा का दौर जारी रहा। भू–स्खलन के चलते राज्य के विभिन्न स्थानों पर करीब 70 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं।

## प्रतिनिधिमण्डल

प्रदेश के मीडिया प्रतिनिधिमण्डल ने आज सिक्किम के महत्वपूर्ण संस्थानों व स्थलों का दौरा किया। सूचना व प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय द्वारा आयोजित इस भ्रमण के दौरान प्रतिनिधिमण्डल ने कृषि अनुसंधान, सुशासन, पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता और पर्यटन से जुड़ी पहलों की जानकारी हासिल की। प्रतिनिधिमण्डल ने सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर से भी भेंट की और विभिन्न विषयों पर विचार–विमर्श किया।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- ब्रिक्स शिखर सम्मेलन सम्पन्न–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए ब्रिक्स देशों की सराहना की।
- ब्रिक्स नेताओं ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की–आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति अपनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।
- भाजपा ने प्रदेश में लॉटरी शुरू करने के फैसले को तुरंत वापिस लेने का किया आग्रह।
- राज्य में खेलो इंडिया की तर्ज पर खेलो हिमाचल इवेंट बड़े स्तर पर आयोजित करेगी सरकार।

- प्रदेश में मॉनसून सीजन के दौरान अब तक सामान्य से 11 फीसदी कम वर्षा दर्ज– करीब एक हजार 6 सौ करोड़ रूपए की सम्पत्ति का हुआ नुकसान।